भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4342

दिनांक 18.03.2026 को उत्तर देने के लिए

बिहार में आकांक्षी जिले

4342. **श्री रामप्रीत मंडलः**

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्तमान में बिहार में आकांक्षी जिलों की संख्या केवल तेरह है;

(ख) यदि हां, तो उक्त तेरह जिलों को किस आधार पर आकांक्षी जिलों के रूप में चुना गया था और शेष पच्चीस जिलों को छोड़ दिया गया था; और

(ग) बिहार के सभी आकांक्षी जिलों के चयन के लिए अपनाए गए मानदंडों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) जी, हां। आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के तहत चयनित 112 जिलों में वर्तमान में बिहार के तेरह जिले शामिल हैं। इन तेरह जिलों की सूची **अनुलग्नक- I** में है।

(ख) एवं (ग) बिहार के जिलों सहित आकांक्षी जिलों का चयन प्रकाशित आंकड़ों के आधार पर एक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था। इन जिलों के चयन के लिए डेटा सेट की सूची और उन्हें दिया गया भारांक **अनुलग्नक- II** में संलग्न है।

अनुलग्नक- ।

बिहार में आकांक्षी जिले के संबंध में श्री रामप्रीत मंडल द्वारा दिनांक 18.03.2026 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 4342 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

बिहार के 13 आकांक्षी जिलों की सूची

क्रम सं.	**आकांक्षी जिला**
1	सीतामढ़ी
2	अररिया
3	पूर्णिया
4	कटिहार
5	मुजफ्फरपुर
6	बेगूसराय
7	खगड़िया
8	बांका
9	शेखपुरा
10	औरंगाबाद
11	गया
12	नवादा
13	जमुई

अनुलग्नक- II

बिहार में आकांक्षी जिले के संबंध में श्री रामप्रीत मंडल द्वारा दिनांक 18.03.2026 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 4342 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

<u>आकांक्षी जिलों के चयन हेतु उपयोग किए गए डेटा सेटों और भारांकों की सूची</u>

डेटाबेस	क्षेत्र	भारांक
शारीरिक श्रम पर निर्भर भूमिहीन परिवार *(सामाजिक-आर्थिक जातीय जनगणना-वंचन 7)*	वंचन (25%)	25 %
प्रसव-पूर्व देखभाल [राष्ट्रीय परिवार और स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएचएफएस)-4]	स्वास्थ्य और पोषण (30%)	7.5 %
संस्थागत प्रसव *(एनएचएफएस-4)*		7.5 %
5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का अवरुद्ध विकास *(एनएचएफएस-4)*		7.5 %
5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में यक्ष्मा रोग *(एनएचएफएस-4)*		7.5 %
प्रारंभिक स्कूल छोड़ने की दर *[एकीकृत ज़िला शिक्षा सूचना प्रणाली (यू-डीआईएसई) 2015-16]*	शिक्षा (15%)	7.5 %
प्रतिकूल विद्यार्थी-शिक्षक अनुपात *(यू-डीआईएसई 2015-16)*		7.5 %
बिजलीरहित परिवार *(विद्युत मंत्रालय)*	इन्फ्रा (30%)	7.5 %
व्यक्तिगत शौचालय रहित परिवार *(पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय)*		7.5 %
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से अछूते गांव *(ग्रामीण विकास मंत्रालय)*		7.5 %
जल सुविधारहित ग्रामीण परिवार *(पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय)*		7.5 %
कुल		**100%**

डेटा सेट के स्रोत का ब्यौरा निम्नवार है:

1. http://secc.gov.in/categorywiseDeprivationReport?reportType=SC%20Category# (एसईसीसी 2011- वंचन डेटाशीट)
2. http://rchiips.org/NFHS/districtfactsheet_NFHS-4.shtml (NFHS 4 Datasheet)
3. http://udise.in/drc2015-16.htm (यू-डीआईएसई 2015-16 डेटाशीट)

4. http://saubhagya.gov.in/ (सौभाग्य वैबसाइट)
5. http://pmgsy.nic.in/ (पीएमजीएसवाई वैबसाइट)